FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

जज अदालत **उपखण्ड अधिकारी** मुकाम **मलसीसर**

मदीना बनाम **राजस्थान सरकार**

किस्म मुकदमा : प्रार्थना पत्र अ0 धारा 136 राज. भू–राजस्व अधि0 मु0न0 **29** सन् **2025**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
14.05.2025	आज यह प्रार्थना पत्र प्रार्थी की ओर से एडवोकेट विजय सिंह लालपुरिया द्वारा बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलवाना मय नकल प्रार्थना पत्र रजिस्टर्ड एडी से जारी होकर पत्रावली वास्ते तलवी हेतु आईन्दा दिनांक 11.06.2025 को पेश हो। [signature]	
11/6/25	वकील उप०। रिपोर्ट हेतु तहसीलदार मलसीसर को तहरीर जारी होकर मिसल वास्ते तलबार रिपोर्ट आयन्दा दिनांक 16/7/25 को पेश हो। [signature]	
16/7/25	पत्रावली पेश हुई। आज अभिभाषकगण न्यायालयों में कार्य नहीं कर रहे हैं। अतः पत्रावली गत आदेशानुसार आयन्दा दिनांक ...20/8/25.... को पेश हो [signature]	
6/8/25	वकील प्रार्थीया की ओर से प्रार्थना पत्र बाबत मिसल तलवी पेश करने पर पत्रावली तलब की गई। वकील प्रार्थीया ने कथन किया कि तहसीलदार मलसीसर से रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। जमीन जैर बहस ख0न0 151, 147, 100, 109, 2530/108, 2531/108, 2532/99, 2533/99 वाके ग्राम सोनासर में प्रार्थीया के पति का नाम पोलुखां तथा प्रार्थीया की पुत्री का नाम नजरान पुत्री पोलुखां हि0 1/24 व नजराना पुत्री पोलुखां हिस्सा 1/120 दर्ज है जबकि नजरान पुत्री पोलुखां व नजराना पुत्री पोलुखां दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है जिसे सहवन से दो जगह दर्ज कर दिया गया है। इसी प्रकार प्रार्थीया के पति का दस्तावेजी व सही नाम मुन्नेखां है इसलिये जमीन जैर बहस के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीया के पति का नाम पोलूखां उर्फ मुनेखां तथा प्रार्थीया की पुत्री का नाम नजरान पुत्री पोलुखां हि0 1/24 व नजराना पुत्री पोलुखां हिस्सा 1/120 के स्थान पर नजराना पुत्री पोलूखां हिस्सा 1/20 दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जावे। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। तहसीलदार मलसीसर की रिपोर्ट का अवलोकन किया। तहीलदार मलसीसर ने अपनी रिपोर्ट में उक्तानुसार दुरूस्ती किया जाना उचित बताया है। प्रार्थीया के शपथ पत्र, तहसीलदार की रिपोर्ट एवं उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित एवं न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जमीन जैर बहस ख0न0 151, 147, 100, 109, 2530/108, 2531/108, 2532/99, 2533/99 वाके ग्राम सोनासर के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीया के पति का दर्ज नाम पोलुखां के स्थान पर पोलुखां उर्फ मुनेखां तथा प्रार्थीया की पुत्री नजरान पुत्री पोलुखां हि0 1/24 व नजराना पुत्री का दर्ज नाम पोलुखां हिस्सा 1/120 के स्थान पर नजराना पुत्री पोलूखां हिस्सा 1/20 दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने का आदेश दिया जाता है। प्रार्थना पत्र फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमिल जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। [signature]	

उपखण्ड अधिकारी

मलसीसर